24 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 1/24/2024 9:46 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


3 केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभ : शकुंतला




### खबर संक्षेप

## उदयपुर में राम कथा 28 से 5 फरवरी तक

**अंबिकापुर।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उपरांत जिले के उदयपुर में राम कथा का आयोजन किया गया है। राम मंदिर निर्माण एवं श्रीमती रामरती जायसवाल के 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर वर्तमान राष्ट्रीय आध्यात्मिक परिपेक्ष्य में राम कथा का आयोजन पुराना बाजारपारा में आयोजित किया गया है। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ 28 जनवरी को की जाएगी। 29 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रत्येक दिवस प्रातः 8.30 बजे से हवन का आयोजन किया जायेगा। 5 फरवरी को प्रातः पूर्णाहूती व दोपहर में भण्डारा के साथ ही शाम को दीप यत्र के पश्चात कथा का विसर्जन एवं विदाई की जाएगी। कथा का वाचन अमरकंटक के स्वामी परमात्मनन्द गिरी द्वारा किया जाएगा। जायसवाल परिवार के उपरोक्त कथा का आयोजन सीताराम जायसवाल, सुरेन्द्र जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, भाजपा नेता संतोष जायसवाल एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी सूरजपुर मनोज जायसवाल द्वारा किया जा रहा है।

## पड़ोस के कुएं में मिला बैंक कर्मचारी का शव

**बिश्रामपुर/रामनगर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिश्रामपुर में भृत्य के पद पर कार्यरत कर्मी राजकुमार प्रजापति आत्मज सेवक राम 28 वर्ष निवासी रामनगर का शव बुधवार को पड़ोस के लगन साय के कुएं में पड़ा मिला।मृतक के चाचा नारायण प्रजापति की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।पुलिस ने बताया कि मृतक रोजाना अपने पड़ोसी के कुएं में स्नान करने जाता था,बुधवार को बिजली गुल होने के कारण पानी मोटर पंप नहीं चलने से वह स्नान करने के लिए बाल्टी से पानी भर रहा था तभी वह कुएं में गिर गया। कुछ देर बाद तक उसके घर नहीं लौटने पर घरवालों ने उसकी खोज खबर ली तो उसका शव कुएं में पड़ा हुआ मिला। रिपोर्ट पर पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसका शव बाहर निकलवाकर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## बाइक चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बाइक बरामद करने के साथ ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।





गिरफ्तार किए गए आरोपी आदतन अपराधी बताए जा रहे है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंगर्गत गोरसीडबरा निवासी अमर कुजूर ने 11 जुलाई 2023 को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएम 6754 घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह युवक की बाइक चोरी हो गई थी। इस मामले में युवक ने पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गोरसीडबरा निवासी 24 वर्षीय सनी मुखर्जी व बसंत तिर्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी पूर्व में भी चोरी, लूटपाट के मामले में जेल जा चुके है। पुलिस ने आरोपियों से बाइक जब्त करने के साथ ही उन्हें न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में गांधीनगर थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा, सउनि अनिल पाण्डेय, विनय सिंह, आरक्षक उमा शंकर साहू, देवेंद्र पाठक सक्रिय रहे।

### गार्ड की नौकरी करते हुए चला रहा था कारोबार, आरोपी भाई व अपचारी समेत तीन गिरफ्तार

# बीई की पढ़ाई के बाद युवक चला रहा था अवैध शराब फैक्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फारेस्ट रेस्ट हाउस परिसर में संचालित अवैध शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश होने के बाद इस मामले में कई और भी चौकाने वाले खुलासे हुए है। शराब फैक्ट्री संचालित करने वाला मुख्य आरोपी बीई इलेक्ट्रिकल का छात्र रह चुका है और लॉक डाउन में होटल व्यवसाय में नुकसान होने के बाद जुगाड़ लगाकर फारेस्ट के रेस्ट हाउस में गार्ड की नौकरी कर रहा था। शराबा पीने का शौक होने के कारण युवक ने खुद के लिए शराब बनाना शुरू किया और फिर उसने इसे ही अपना व्यवसाय बना लिया। आरोपी युवक बड़े ही शातिर ढंग से शराब फैक्ट्री को संचालित कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में एक अपचारी बालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन इस पूरे मामले में वन विभाग की भूमिका अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। अधिकारी जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रहे है। बता दें कि मंगलवार को शहर से लगे ग्राम सकालो नर्सरी में वन विभाग के रेस्ट हाउस परिसर के अंदर अवैध शराब फैक्ट्री संचालित होने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने मौके से कुछ युवकों को हिरासत में लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही थी। आज एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में सगे भाइयों बतौली थाना अंतर्गत ग्राम अहीरपारा निवासी 28 वर्षीय कमल सिंह आ. झिमन राम, 26 वर्षीय मोहित सिंह उर्फ झिमन राम व एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में गांधीनगर थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा, सउनि अनिल पाण्डेय, विनय सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय, आरक्षक अमरेश सिंह, अरविन्द उपाध्याय, सतीश चौहान सक्रिय रहे।

**खास बात**

- फारेस्ट रेस्ट हाउस परिसर में अवैध शराब फैक्ट्री का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### लॉक डाउन में व्यवसाय प्रभावित हुआ तो की गार्ड की नौकरी

पुलिस की जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक अवैध शराब फैक्ट्री का सरगना कमल सिंह बीई इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की पढ़ाई कर चुका है। नौकरी नहीं मिलने पर वह शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में होटल संचालित कर रहा था लेकिन लॉक डाऊन में व्यवसाय प्रभावित हो गया। इसके बाद वह मुर्गा बेचने, मजदूरी करने का कार्य करता रहा। इसी दौरान उसने वन विभाग में अपने एक साथी की मदद से गार्ड की नौकरी करने लगा। फारेस्ट विभाग द्वारा आरोपी कमल सिंह को कलेक्टर दर पर नौकरी में रखा गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी शराब पीने का आदि था और अपने लिए शराब बनाने का काम करता था और यही से उसे शराब बेचने का आइडिया आया। उसने यूट्यूब पर देखकर शराब बना सीखा और फिर शराब बनाने का काम लगातार वह विगत वर्ष भर से कर रहा था। युवक का व्यवसाय जब बढ़ने लगा तो उसने अपने भाई व अपचारी बालक को भी इस व्यवसाय में शामिल कर लिया। तीनों फारेस्ट के रेस्ट हाउस में रहकर शराब बना रहे थे।

### ये सामग्री की गई जब्त

पुलिस ने आज आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही 460 लीटर अवैध महुआ शराब, 2-2 सौ लीटर कंटेनर में रखा 100 केजी व 200 केजी महुआ पास 5-5 सौ लीटर कंटेनर में रखा 500 लीटर व 300 लीटर कुल 800 लीटर गुड पास, 2 नग 500 लीटर का खाली पानी टंकी, 300 लीटर का 1 खाली नीला कंटेनर, 200 लीटर का 3 नग खाली कंटेनर कुल 6 नग कंटेनर, पाइप लगा हुआ 9 नग डेकची, एग्जास्ट फैन 2 नग, 2 नग मापक यंत्र, 1 पैकेट ईगल कंपनी कंपनी का ड्राई ईस्ट, 2 नग हीटर, 1 नग टुल्लू पम्प पाइप सहित, 1 नग सफेद पीवीसी पाइप, 20 हजार रुपए नगद समेत कुल कीमत लगभग 66 हजार रुपए व झाले मे रखा गया भारी मात्रा में कोयला बरामद किया गया है। जब्त कोयले के सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा अग्रिम जांच विवेचना की जा रही हैं।

### नहीं बेचता था क्षेत्र के लोगों को

आरोपी बेहद शातिर ढंग से अपना व्यवसाय कर रहा था। इतने बड़े पैमाने पर भी शराब बनाने के बाद उसकी दुर्गन्ध को छिपाने के लिए एक बड़ा सोखता बनाकर रखा था। 5 फीट के सोखता में वह गंदे पानी व महुआ पास को पाइप के जरिए बहा देता था। वहीं अपने कारोबार को बनाए रखने के लिए वह आस पास के लोगों को शराब की बिक्री नहीं करता था। आरोपी ऑर्डर पर पहले से तैयार कर रखे हुए महुआ पास से शराब तैयार कर उसकी डिलीवरी कर देता था। पुलिस की जांच में यह बात की सामने आई कि गांव का एक नशेड़ी युवक अक्सर चोरी का सामान लेकर आरोपी के पास आता था लेकिन आरोपी कमल सिंह उसे चोरी के सामान के बदले शराब नहीं देता था बल्कि नगद रुपए देता था लेकिन चोर का पीछा करते हुए ग्रामीण रेस्ट हाउस परिसर के अंदर पहुंच ही गए और पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके साथ ही वह शराब से महुआ की दुर्गंध को हटाने के लिए कई प्रकार के एसेंस का भी उपयोग करता था।

### वन विभाग को नहीं लगी भनक

पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवकों पर कार्रवाई कर उन्हें जेल तो भेज दिया है लेकिन इस पूरे प्रकरण का दूसरा पहलू यह भी है कि शराब की फैक्ट्री वन विभाग के रेस्ट हाउस परिसर में चल रही थी। रेस्ट हाउस परिसर में अक्सर उच्च अधिकारियों का आना जाना होता है जबकि छोटे अधिकारी तो समय समय पर रेस्ट हाउस आते ही है। रेस्ट हाउस की जिम्मेदारी भी किसी एक अधिकारी के पास होती ही है लेकिन लगभग डेढ़ वर्ष से चल रहे इस कारोबार की भनक किसी को नहीं लग सकी। संभावना यह भी जताई जा रही है कि वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा अवैध कारोबार संचालित नहीं किया जा सकता है। अब देखना यह है कि पुलिस अपनी जांच के आधार पर वन विभाग के लोगों तक पहुंचती है या फिर वन विभाग भी इस मामले में कोई कार्रवाई करता है।

### चल रही है जांच

आरोपी को रेस्ट हाउस में रेखरेख के लिए रखा गया था। इस दौरान उसने शराब बनाने का कारोबार शुरू कर दिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही सामग्रियों को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में जांच चल रही है। जांच के बाद अन्य दोषियों की संलिप्तता सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

-स्मृतिक राजनाला, सीएसपी

## आग व जहरीले धुंए के बीच लोगों की जान बचाने वाले अर्णव को मिलेगा वीरता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के अर्णव सिंह को गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अर्णव सिंह ने शहर के स्वच्छता चेतना पार्क में आग लगने के बाद गार्ड समेत कई अन्य लोगों की जान बचाने का काम किया था। साहस व सूझबूझ का परिचय देते हुए 11वीं के छात्र अर्णव ने लोगों के जान की रक्षा की है और यही वजह है कि छात्र का नाम वीरता पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर निवासी 16 वर्षीय अर्णव सिंह बिलासपुर के कैरियर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 11 वीं का छात्र है जबकि उसके पिता सुरेश कुमार सिंह का लक्ष्मीपुर में पेट्रोल पंप संचालित है जबकि मां सुमन सिंह शासकीय कन्या उमावि उदयपुर में व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। अर्णव दीपावली की छुट्टी में घर आया हुआ था। 12-13 नवम्बर की रात पैतृक गांव में पूजा अर्चना करने के बाद अर्णव परिवार के साथ रात लगभग 11.30 बजे अंबिकापुर के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान रात लगभग 12.30 बजे जैसे ही उसका परिवार सांड़बार बेरियर के समीप पहुंचा तो उन्हें कुछ दूरी पर आग की ऊंची ऊंची लपटें दिखाई देने लगी। जैसे ही उनकी कार मणिपुर थाना व स्वच्छता चेतना पार्क के पास के पास पहुंची तो देखा कि इससे लगे हुए कचरा डंपिंग यार्ड में भयंकर आग लगी हुई है व आग तेजी से आस-पास फैल रही थी। अर्णव के कहने पर परिवार के सदस्य वहां रुके। इस दौरान छात्र ने अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए डायल 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी जिसके बाद महज 15 मिनट के भीतर मणिपुर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। वहीं फोन से मिली सूचना के बाद एसपी सुनील शर्मा व एसडीएम पूजा बंसल व आला अधिकारी भी मौके पर दमकल वाहनों के साथ आ गए थे।

- दीपावली की रात स्वच्छता चेतना पार्क में लगी थी भीषण आग



छात्र को सम्मानित करते एसपी।

### दीवार फांदकर बचाई गार्ड की जान

बताया जा रहा है कि घटना स्थल पर आग के साथ दूषित धुंआ तेजी से फ़ैल रहा था। इस दौरान रिसायकल सेंटर में चौकीदार सो रहा था व गैराज में भी कुछ लोग सो रहे थे। अर्णव ने खतरे के बीच अपनी जान की परवाह न करते हुए स्वच्छता पार्क के मेन गेट को फांदकर अंदर प्रवेश कर गया। अर्णव को अस्थमा एलर्जिक है और रिसायकल सेंटर तक आग की तेज लपटें पहुंच चुकी थी, कचरा प्लास्टिक थर्मोकोल एवं वेस्ट मटेरियल के जलने के कारण धुंआ काफी जहरीला हो गया। ऐसे में छात्र को सांस लेने में दिक्कत भी हो रही थी लेकिन उसने अपनी परवाह किए बिना दरवाजा खटखटाया और प्रशासन का सहयोग लेकर राहुल नामक चौकीदार को सुरक्षित बाहर निकलवाया। वहीं जमाल डीजल गैरेज में सो रहे तीन व्यक्ति फैजान रजा, असरद रजा एवं एक ट्रक ड्राईवर के जीवन की रक्षा में भी अपना सहयोग अर्णव ने किया। अर्णव की सूझबूझ व बहादुरी से प्रभावित होकर एसपी श्री शर्मा ने उसकी प्रशंसा करने के साथ ही वीरता पुरस्कार के लिए अर्णव का नाम शासन को प्रस्तावित किया था और अब 26 जनवरी को अर्णव को वीरता पुरस्कार मिलने जा रहा है।

## युवा कांग्रेस ने किया असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोडो न्याय यात्रा के असम प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वसर्मा के निर्देश पर यात्रा के साथ की जा रही बर्बता के विरोध में आज युवक कांग्रेस ने घड़ी चौक पर असम के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बताया कि भारत जोडो न्याय यात्रा जबसे असम में प्रवेश की है तबसे लगातार भाजपा के लोग यात्रा पर हमला कर रहे हैं। असम की भाजपा सरकार यात्रा का दमन करने के लिए कानूनी दांवपेच खेल रही है और रोड़े अटका रही है। भाजपा के लोगों ने न केवल यात्रा मार्ग के पोस्टरों और झंडो को उखाडा बल्कि साथ यात्रा के वाहनों पर भी हमला किया। राहुल गांधी जिस बस में सवार थे उसे भाजपाइयों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। भाजपा के इन हुडदंगियों पर कार्रवाई करने के बजाय असम की भाजपा सरकार राहुल गांधी पर एफआईआर कर रही है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को राहुल गांधी असम के शंकरदेव मंदिर में दर्शन के लिए जाना चाहते थे लेकिन असम सरकार ने षड्यंत्र पूर्वक उन्हें वहां जाने से रोक दिया। यात्रा को गुवाहाटी शहर में न केवल प्रवेश करने से रोका गया, साथ ही साथ दमनात्मक कार्रवाई करते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। कांग्रेस के कार्यकर्ता इस रवैय्ये से आक्रोशित है। आज युवा कांग्रेस ने प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा की उपस्थिति में घड़ी चौक पर असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वसर्मा का पुतला दहन विरोध व्यक्त किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, विकल झा, शुभम जायसवाल, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू, हिमांशु जायसवाल, अमित तिवारी, स्वर्णिम शुक्ला, अविनाश कुमार, पंकज शुक्ला, राजनीश सिंह, प्रितिका विश्वकार्मा, मिथुन सिंह आदि उपस्थित थे।

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला करने व जबरन एफआईआर करने का आरोप



## गर्म पानी से झुलसी मासूम, मौत

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर थाना समीप निवासी नितिका कुमारी आ. दयानंद (4 वर्ष) सोमवार की दोपहर घर में खेल रही थी। इसी दौरान परिजन द्वारा स्नान करने के लिए आग जलाकर पानी गर्म कर रहे थे। खेलते खेलते ही अचानक गर्म पानी बच्ची के शरीर पर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## अवैध रूप से रेत परिवहन कार्य में लगे 3 मिनी ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़कर खनिज विभाग को सौंपा

**बिश्रामपुर।** लंबे समय से कांसापारा रेत घाट से अवैध तरीके से किए जा रहे रेत उत्खनन व परिवहन कार्य पर अंकुश लगाने ग्रामीण विवश होकर स्वयं सक्रिय हुए। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जयनगर के कांसापारा स्थित रेत घाट से लंबे समय से अवैध रूप से रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों द्वारा मामले किसी तरह की कोई कार्यवाही न किए जाने से नाराज ग्रामीणों द्वारा सक्रियता दिखाते हुए बुधवार की सुबह रेत परिवहन कार्य में लगे तीन वाहनों को पकड़कर खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर लंबे समय से उक्त अवैध कारोबार को बेखौफ होकर अंजाम दिया जा रहा है। शासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन व परिवहन कारोबार पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, बावजूद इसके यहां पर बेखौफ चल रहे उक्त अवैध कारोबार से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। बताया जा रहा है कि यहां पर ग्रामीणों द्वारा बुधवार को किए धरपकड़ की कार्यवाही में रेत लोड वाहन मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 29 ए 5437, सीजी 29 एडी 6327 व एक बिना नंबर की वाहन को पकड़कर खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया है।



### कहा-वादों पर खरी नहीं उतर पाई मोदी सरकार, जताया विरोध

# युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया रोजगार दो-न्याय दो पोस्टर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की उपस्थिति में बुधवार को ब्लॉक युवा कांग्रेस की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान राष्ट्रव्यापी अभियान रोजगार दो-न्याय दो का पोस्टर जारी किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व से पश्चिम के लिए भारत जोडो न्याय यात्रा की जा रही है। इस न्याय यात्रा में देश में व्याप्त बेरोजगारी भी प्रमुख मुद्दा है। इसे ध्यान रखकर युवा कांग्रेस के द्वारा रोजगार दो-न्याय दो का अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का हिस्सा बनने के लिए युवा कांग्रेस ने बेरोजगार युवकों से आवाहन किया है कि वो मोबाईल नंबर 8860812345 पर मिस कॉल दें। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने चुनाव से पहले यह वादा किया था कि वो प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराएगी लेकिन वो अपने वायदे पर खरी नहीं उतरी। मोदी सरकार की अकर्मण्यता के कारण देश में 45 वर्षों की सर्वाधिक बेरोजगारी है। देश के युवाओं के साथ हुए इसे अन्याय के विरोध में राहुल गांधी ने पूर्व से पश्चिम के लिये 6700 किमी लंबी भारत जोडो न्याय यात्रा को निकाला है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी देश के वंचित समाज के साथ न्याय के लिये पूरब से पश्चिम की भारत जोडो न्याय यात्रा कर रहे हैं। बेरोजगार युवा भी इस वंचित समाज का हिस्सा है। ऐसे में बेरोजगार युवा के हक की लडाई लडने के लिये युवा कांग्रेस को कमर कस लेना चाहिए। बैठक का संचालन शुभम जायसवाल ने किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा ने बैठक के दौरान युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से जिला युवा कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं का परिचय देने के साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों से भी अवगत कराया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू, हिमांशु जायसवाल, अमित तिवारी, स्वर्णिम शुक्ला, अविनाश कुमार, पंकज शुक्ला, राजनीश सिंह, विकास केशरी, आशिका कुजूर, मिथुन सिंह आदि उपस्थित थे।



## अवैध परिवहन एवं समिति से 218 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** जिले में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। संयुक्त टीम द्वारा अलग अलग कार्रवाई में समिति व पिरवहन करते हुए 218 बोरी अवैध धान जब्त किया है। बता दें कि कलेक्टर आर एक्का ने जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से धान खपाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निर्देश निगरानी दलों, नोडल व राजस्व अधिकारियों के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है और टीम लगातार अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एसडीएम रामानुजगंज के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने भंवरमल समिति में जांच की। जांच के दौरान महरू द्वारा 50 बोरी अवैध धान खपाने के लिए लाया गया था जिसे टीम ने जब्त किया। इसी तरह इसी प्रकार डूमरपान में 50 बोरी एवं केनवारी में 65 बोरी अवैध धान पिकअप से तथा चन्द्रनगर में 53 बोरी अवैध धान ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा था जिसे जब्त कर कार्रवाई की गई है।



24 Ambikapur-BHOOMI-pg 2-0_Layout 1 1/24/2024 10:20 PM Page 1



# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हार्दिक शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सरफराज फिरदौसी
थाना प्रभारी
पुलिस थाना जयनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मीना सिंह
प्रभारी तहसीलदार
प्रेमनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.....
संकलनकर्ता
मिथलेश जायसवाल
मिथलेश जायसवाल
हरिभूमि प्रतिनिधि मेंहगई
मो- 799865284

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुजीत पाण्डेय
पी.ओ
मनरेगा विभाग प्रेमनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनी
एस.डी.ओ.
आरईएस विभाग, प्रेमनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.....
स्वामी कुमार
मण्डल उपाध्यक्ष
भाजपा युवा मोर्चा
बिश्रामपुर जिला – सूरजपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
लाल सिंह
सरपंच
एवं भाजपा नेता दुर्गापुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सतेन्द्र राजवाड़े
संयोजक
व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा सूरजपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भूलन सिंह मरावी
विधायक, प्रेमनगर
जगमोहन सिंह
अध्यक्ष
विजय सिरदार
महामंत्री
ज्ञान दास
महामंत्री
शिवनंदन सिंह मराबी
कार्यालय प्रभारी
भारतीय जनता पार्टी मण्डल प्रेमनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सतवंत सिंह
डिप्टी रेंजर
वनविकास निगम
(भदवाही रोपड़ी)

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दौलत प्रताप सिंह
मण्डल अध्यक्ष
भाजयुमो मण्डल देवनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
गोविन्द सिंह
प्राचार्य
शासकीय हायर सेकेण्डरी
स्कूल खम्हरिया

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंदन मण्डल
जिला कार्यसमिति
सदस्य
भाजयुमो सूरजपुर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भूलन सिंह मरावी
विधायक, प्रेमनगर

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जगमोहन सिंह
विजय सिरदार
सुभाष साहू
युवा भाजपा नेता
उमेश्वरपुर (प्रेमनगर)

24 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 1/24/2024 9:44 PM Page 1



खबर संक्षेप



## सेंट जेवियर्स स्कूल में बच्चों ने किया अकादमिक कैलेण्डर का विमोचन

**राजपुर।** नगर में संचालित सेंट जेवियर्स स्कूल में अकादमिक कैलेण्डर का विमोचन किया गया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्कूल प्रत्येक सप्ताह व माह में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के मद्देनजर कई क्रिया-कलाप संचालित किये जाते हैं जो बच्चों के बौद्धिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास के साथ सृजनात्मक एवं रचनात्मक गुणों को विकसित करने में भी सहायता करते हैं। सालभर संचालित होने वाले स्कूल के विभिन्न क्रियाकलापों को तिथिनुसार अकादमिक कैलेण्डर 2024 में प्रोग्राम किया गया है। अकादमिक कैलेण्डर 2024 का विमोचन विद्यालय के शाला नायक-नायिका, सभी कक्षाओं के मॉनिटर एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। कैलेण्डर विमोचन पर सभी बच्चे बहुत खुश एवं उत्साहित थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई देते हुए शाला में संचालित होने वाले सभी गतिविधियों में रुचि लेने एवं अपने में निहित सृजनात्मक गुणों को निखारने के लिये प्रेरित किया।

## छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई यातायात जागरूकता रैली



**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात विभाग द्वारा नगर में जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल। बता दें कि एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर जिले में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह संचालित किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के तहत एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर की उपस्थिति मे विभिन्न स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रक्षित केंद्र बलरामपुर से चांदो चौक, मिशन चौक होते हुए पेट्रोल पंप तक मुख्य सड़क पर यातायात जन जागरूकता रैली निकाली गई। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्लोगन एवं लिखे गए नारों के माध्यम से नागरिकों को यातायात सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही आम नागरिकों से हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे में वाहन नहीं चलाने, गाड़ी के कागजात साथ रखने, ड्राइविंग लायसेंस लेकर ही वाहन चलाने और यातायात के नियमो का पालन करने का आह्वान किया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन, सउनि अनिल दुबे, प्रधान आरक्षक बुटन सिंह, आरक्षक कुमार सानू, सिकन्दर कुजूर, मंगल राम पैकरा, देवसाय सिंह एवं स्कूली, कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं की दी गई जानकारी

# केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभ : शकुंतला



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- विधायक ने शिव चर्चा मण्डली को दो लाख रूपए देने की घोषणा

केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है, साथ ही हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को नगर पंचायत में विकसित भारत शंकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते शामिल हुई। उन्होंने कहा की प्रतापपुर से गहरा लगाव है आप सभी के आशीर्वाद से ही आज मै यहां खड़ी हूँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का काफी विकाश किया है। गत दिन अयोध्या मे राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ है। उन्होंने कहा की प्रतापपुर को सुंदर बनाने के लिए जो भी करना पड़े मैं करुँगी। उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारी को चेताया की कोई भी कर्मचारी अगर प्रधानमंत्री आवास के नाम पर कोई रिश्वत लेता है तो बिल्कुल भी बर्दास्त नही की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारीयों को निस्वार्थ भाव से जनता का काम करने की बात कही। उन्होंने प्रतापपुर के शिव चर्चा मंडली के लिए 2 लाख रु देने की भी घोषणा की। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रजनी मुकेश अग्रवाल, अक्षय तिवारी, पुष्पा जायसवाल, सुनील गुप्ता, अवधेश पाण्डेय, विनोद जायसवाल, मुकेश तायल, राजेश कश्यप, आभा शुक्ला, राधा सिंह, सहादत हुसैन, नवीन सोनू जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, प्रदीप गोयल, नवीन नाविक, प्रशांत सिंह, विक्रम नामदेव, विजेंद्र कश्यप, गुलाब मोहन तिवारी, आनंद शुक्ला, हरी गुप्ता, प्रफुल्ल गुप्ता, विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

### संकल्प शिविर में लोगों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी



**सोनगरा।** नगर पंचायत जरही में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जरही बस स्टैंड में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित हुई। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती पोर्ते ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म व अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। विधायक शकुंतला सिंह ने सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए क्षेत्र के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी स्टॉल लगाकर दी गई। स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा लोगों को केंद्र एवं राज्य द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया। साथ ही पात्र लोगों को तत्काल योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया। इस दौरान राजकुमार गुप्ता, शरद चंद द्विवेदी, अशोक गुप्ता, देवा रजवाड़े, अभय तिवारी, विश्वजीत सोनी, मुकेश गुप्ता, अनुराग द्विवेदी, विकेश जयसवाल, दीपक मिश्रा, मीना श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार तेजू यादव, नगर पंचायत सीएमओ वशिष्ठ ओझा, अरविंद विश्वकर्मा, राकेश मोहन मिश्रा, देवेंद्र पटेल, सेलिना लकड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत सरहरी पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा



**पोड़ीमोड़।** विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत सरहरी में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी विभागों के लगाए गए स्टॉल तथा शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया। शिव शंकर यादव द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ लें और समय पर रासायनिक खाद बीज लेकर अपनी पैदावार को बढ़ाएं। कृषि विभाग से किसानों को ट्रैक्टर थ्रेसर रीपर वह अन्य उपकरण भी दिया जाता है जिससे किसानों को खेती करने में मदद मिलता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि लोगों की स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वे आयुष्मान कार्ड बनवा लें। स्कूली छात्राओं द्वारा कई मनमोहक संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही अन्नप्राशन कार्यक्रम गोद भराई कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान शिवचरण नापित, नंदा यादव, रामवृक्ष कुशवाहा, पप्पू गुप्ता, श्रीमती उषा कुशवाहा, नारायण ठाकुर, रूद्र प्रसाद कुशवाहा, विजयनारायन कुशवाहा, मोती कुशवाहा, इंद्रबली कुशवाहा, रामवृक्ष कुशवाहा, विनय मिश्रा, अशोक नापित, अरविंद पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी



**कुसमी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत बाटा एवं सामरी में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मजय सिंह, रामानंद यादव , राम सुंदर यादव, मथुरा प्रसाद गुप्ता, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा राकेश भारती सहित भाजपा के अर्जुन यादव ने ग्रामीणों को भारत विकसित संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। ग्राम पंचायत केदली में रथ यात्रा का ढोल बाजा के साथ पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा गांव गांव में दी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए लाभ लेने की बात कही गई। मुख्य अतिथियों ने प्रधान मंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस योजना , महतारी वंदना योजना सहित शासन से दी जाने वाली सम्पूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान लक्षण यादव, मनी यादव, विवेक यादव, भोला यादव, जहरूल अंसारी, पारस पाल, प्रीतम गुप्ता, खसरू बुनकर, मानमति देवी, सीताराम यादव, भगमनिया देवी, सबिता नगेसिया, यूसुफ खान, विंधेश्वर यादव, दीपक गुप्ता, विवेक याद्व सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### संकल्प शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित



**लखनपुर।** मंगलवार को नपं कार्यालय प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है तथा सरकार इसी उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। आम जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके इस उद्देश्य से मोदी की गारंटी को क्रमशः पूरा करने का वादा कर रही है। क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर विशेष सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सभी को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का ब्योरा दिया। पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद जायसवाल और बृजकिशोर पाण्डेय ने भी सभा को संबोधित किया। विधायक श्री अग्रवाल ने स्मार्ट कार्ड, राशन कार्ड व प्रमाण पत्र वितरित किया। विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

## एसईसीएल प्रबंधन ने आवास आबंटन की विवादित सूची को किया निरस्त



- एचएमएस श्रमिक संगठन का आमरण अनशन हुआ स्थगित

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कम्पनी के बिश्रामपुर प्रबंधन पर आवास आबंटन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए 24 जनवरी से आमरण अनशन व 26 जनवरी को एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री द्वारा आत्मदाह करने का नोटिस कम्पनी प्रबंधन को दिया गया था, उक्त आमरण अनशन के प्रदर्शन से ठीक पहले कम्पनी प्रबंधन ने चर्चा के लिए एचएमएस व इंटक यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाते हुए मामले में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की, तत्पश्चात कम्पनी प्रबंधन ने 59 क्वार्टरों के आबंटन की विवादित सूची क्रमांक 1274 दिनांक 25/11/2023 को निरस्त कर दिया है,इसके बाद यूनियन ने प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है।गौरतलब है कि एचएमएस के आंदोलन के नोटिस देने के बाद बुधवार शाम चार बजे से आमरण अनशन के लिए महाप्रबंधक कार्यालय के सामने टेंट पंडाल लगाकर यूनियन के लोग एकत्रित हुए, इसी बीच सूचना पर प्रबंधन ने एचएमएस के पदाधिकारियों को चर्चा के लिए बुला लिया।इस दौरान यूनियन के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा,अरविंद सिंह आरसी जायसवाल,जयराम सेठी व इंटक से अध्यक्ष श्याम घोषाल,महामंत्री अजीत यादव, कम्पनी प्रबंधन से महाप्रबंधक अजय तिवारी, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सीसी नायक सहित अन्य अधिकारियों के साथ चली बैठक व चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आवास आबंटन की विवादित सूची को निरस्त किया जाता है तथा वर्तमान समय एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मामले का पुनरावलोकन किया जाये एवं वरीयता सूची के अनुसार आवास आबंटन करने का निर्णय लिया गया।इसके बाद एचएमएस व इंटक ने आंदोलन को स्थगित कर दिया।मामले पर क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रबंधन ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और जारी सूची को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है जिसके बाद हमने आंदोलन स्थगित कर दिया है।इस दौरान आंदोलन में शामिल होने आए एचएमएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष हरि यादव ,लखनलाल,शैलेंद्र सिंह,सुखलाल रजवाड़े,राजाराम,प्रेमचंद सिंह,प्रवीन वर्मा,सुदर्शन यादव,दिलीप सिंह,शिवाकांत मिश्रा,उमेश सिंह, होमू दास सहित यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामनगर करंजी मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग पर आवागमन 6 महीने के लिए बंद

- खरसुरा से दतिमा होते हुए परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने के दिए गये निर्देश

